कूट :

	(i)	(ii)	(iii)	(iv)
(a)	(c)	(a)	(d)	(b)
(b)	(d)	(a)	(c)	(b)
(c)	(d)	(c)	(b)	(a)
(d)	(a)	(d)	(b)	(c)

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत) (डिप्लोमाधारक)-2020

Ans. (a) सही सुमेलन निम्न प्रकार है–

सूची-I		**सूची-II**
अभयारण्य/राष्ट्रीय उद्यान		**अवस्थिति**
(i) सीतामाता	–	प्रतापगढ़
(ii) सरिस्का	–	अलवर
(iii) कैलादेवी	–	करौली
(iv) केवलादेव	–	भरतपुर

अतः स्पष्ट है कि विकल्प (a) सही उत्तर है।

595. राजस्थान में 'खस' घास उत्पादित जिले हैं-

(a) जयपुर, अलवर, अजमेर
(b) भीलवाड़ा, अजमेर, चित्तौड़गढ़
(c) टोंक, सवाई माधोपुर, भरतपुर
(d) अलवर, धौलपुर, करौली

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत) (डिप्लोमाधारक)-2020

Ans. (c) राजस्थान में 'खस' घास उत्पादन करने वाले जिले– टोंक, सवाई माधोपुर व भरतपुर जिले हैं। इस घास की जड़ से सुगंधित तेल निकाला जाता है जो इत्र, शरबत व सौन्दर्य प्रसाधन आदि में इस्तेमाल किया जाता है।

596. जमवा रामगढ़ अभयारण्य राजस्थान के किस जिले में स्थित है?

(a) उदयपुर (b) जयपुर
(c) झालावाड़ (d) हनुमानगढ़

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (जैविक) -2019

Ans. (b) जमुवा (जमवा) रामगढ़ अभयारण्य राजस्थान के जयपुर में अवस्थित है। इसकी स्थापना 1982 में किया गया था। इस अभ्यारण्य में हिरण, स्याहपोश एवं प्रवासी पक्षियाँ पाई जाती हैं।

597. 'केसरबाग वन्यजीव अभयारण्य' राजस्थान के निम्नलिखित में से किस जिले में स्थित है?

(a) अलवर (b) धौलपुर
(c) अजमेर (d) दौसा

कनिष्ठ अनुदेशक (फिटर) भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (b) 'केसरबाग वन्यजीव अभयारण्य' राजस्थान के धौलपुर में स्थित है। इस अभयारण्य की स्थापना 1955 ई. में की गई थी। रामसागर वन विहार अभयारण्य धौलपुर में स्थित है। रावली टॉडगढ़ अभयारण्य अजमेर में एवं सरिस्का अभयारण्य अलवर में स्थित है।

598. निम्नलिखित में से कौन-सा वन्य जीव अभयारण्य धौलपुर में स्थित है?

(a) सरिस्का (b) केसरबाग
(c) सज्जनगढ़ (d) दर्रा

कनिष्ठ अनुदेशक (फिटर) भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (b)

अभ्यारण्य		**स्थान**
सरिस्का	–	अलवर
सज्जनगढ़	–	उदयपुर
केसरबाग	–	धौलपुर
दर्रा	–	कोटा

599. निम्न में से किस प्रदेश में स्टेपी प्रकार की वनस्पति पायी जाती है?

(a) शुष्क (b) अर्द्ध शुष्क
(c) आर्द्र (d) उप-आर्द्र

कनिष्ठ अनुदेशक (कोपा) भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (b) अर्द्ध शुल्क उष्णकटिबंधीय जलवायु क्षेत्र राजस्थान के बाड़मेर, जालौर, जोधपुर, नागौर,चुरू, सीकर, झुंझुनू व हनुमानगढ़ जिले में विस्तृत है इस क्षेत्र में स्टेपी प्रकार की वनस्पतियां पाई जाती है। जिनमें कांटेदार झाड़ियां और घास होती है।

600. अमृता देवी के नाम से वन्यजीव उद्यान किस जिले में है?

(a) पाली (b) जोधपुर
(c) जालौर (d) चुरु

कनिष्ठ अनुदेशक (कोपा) भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (c) अमृता देवी वन्यजीव उद्याान सांचौर,, जालौर में स्थित है। यहाँ पर चिंकारों एवं अन्य हरिणों के लिए एक अस्पताल भी है। वही अमृता देवी के नाम पर जोधपुर जिले में खेजड़ली गांव में वन्य जीव उद्यान (कृष्ण मृगवन) है। इसमें काला हिरन, चिंकारा, मरू लोमड़ी विशेष रूप से पाये जाते है।

601. असंगत युग्म को छाँटिए:

	वन्य जीव संरक्षित क्षेत्र	**जिला**
(a)	बीड	झुन्झुनूं
(b)	गोगेलाव	पाली
(c)	जोड़बीड गडेवाल	बीकानेर
(d)	गुढा विश्नोई	जोधपुर

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत) भर्ती परीक्षा- 2020

Ans. (b) गोगेलाव वन्य जीव संरक्षित क्षेत्र नागौर (राजस्थान) में अवस्थित है। इसमें मुख्यतः चिंकारा हिरण पाया जाता है। इस संरक्षित क्षेत्र को शुद्ध ऑक्सीजन बैंक के रूप में परिवर्तित किया जा रहा है।

602. राजस्थान के निम्नलिखित जिलों में से किसमें, 'बज्जू' रिजर्व एरिया स्थित है?

(a) भरतपुर
(b) बीकानेर
(c) बाराँ
(d) बाड़मेर

कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल) संयुक्त भर्ती परीक्षा-2020

Ans. (b) बज्जू रिजर्व एरिया बीकानेर जिले में स्थित है। यह बीकानेर जिले की 9वीं तहसील घोषित की गई है।

603. सुमेलित कीजिए-

	वन्य जीव अभयारण्य	**संबंधित नदी**
A.	बस्सी	1. चम्बल
B.	भैंसरोड़गढ़	2. चम्बल और बामनी
C.	जवाहर सागर	3. परवन
D.	शेरगढ़	4. ओराई और बामनी

कूट :

	A	**B**	**C**	**D**
(a)	4	2	1	3
(b)	4	1	2	3
(c)	2	1	4	3
(d)	2	1	3	4

JEN Mechanical Degree (Tsp Area)16.10.2016